(176)

पत्रांक–14/निजी–997/2024– 10105 /सा0प्र0

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

राजीव रंजन दास,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक– 8/06/2026

विषयः– **श्री कुमार विनोद, बि0प्र0से0, को0क्र0–116/26, अधिसूचित आप्त सचिव (सरकारी), श्री रामविलास कामत, माननीय सचेतक, सत्तारूढ़ दल, बिहार विधान सभा, पटना के प्रभार रहित अवधि का विनियमन के सम्बन्ध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि दिनांक–14.04.2026 को मंत्रिपरिषद् के विघटनोपरांत श्री कुमार विनोद, बि0प्र0से0 द्वारा श्री रामविलास कामत, माननीय सचेतक, सत्तारूढ़ दल, बिहार विधान सभा, पटना के आप्त सचिव (सरकारी) के पद का प्रभार त्याग कर दिनांक–15.04.2026 के पूर्वाह्न में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना में पदस्थापन की प्रतीक्षा में योगदान दिया गया।

2. सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–7558, दिनांक–29.04.2026 द्वारा श्री कुमार विनोद, बि0प्र0से0 को राज्य सरकार द्वारा जिला स्तर पर पंचायत–वार निर्धारित सहयोग शिविर के प्रभावी संचालन हेतु प्रतिनियुक्त किया गया है। उक्त प्रतिनियुक्ति के आलोक में श्री विनोद द्वारा दिनांक–02.05.2026 के प्रभाव से जिला मधुबनी में योगदान किया गया।

3. श्री कुमार विनोद, बि0प्र0से0 दिनांक–27.04.2026 से दिनांक–30.04.2026 तक आकस्मिक अवकाश पर रहे।

4. सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–9697, दिनांक–02.06.2026 द्वारा श्री कुमार विनोद को श्री रामविलास कामत, माननीय सचेतक, सत्तारूढ़ दल, बिहार विधान सभा, पटना के आप्त सचिव (सरकारी) के पद पर पदस्थापित किया गया।

5. अतः श्री कुमार विनोद, बि0प्र0से0, को0क्र0–116/26, अधिसूचित आप्त सचिव (सरकारी), श्री रामविलास कामत, माननीय सचेतक, सत्तारूढ़ दल, बिहार विधान सभा, पटना के प्रभार रहित अवधि का दिनांक–15.04.2026 से दिनांक–01.05.2026 तक निम्नलिखित रूप में विनियमित किया जा सकता हैः–

(क) दिनांक–15.04.2026 से दिनांक–26.04.2026 तक की अनिर्णीत अवधि को मौलिक नियमावली के नियम 9 (6) (बी) (iv) जो बिहार सेवा संहिता के नियम–14 (बी) के सदृश है, के तहत पदस्थापन हेतु अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि के रूप में।

(ख) दिनांक–27.04.2026 से दिनांक–30.04.2026 तक देय आकस्मिक अवकाश के रूप में।

(ग) दिनांक–01.05.2026 को देय राजपत्रित अवकाश के रूप में।

6. उक्त अवधि में श्री कुमार विनोद, बि0प्र0से0, को0क्र0–116/26 को कोटि वेतन देय होगा।

7. प्रस्ताव पर विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

08/06/2026

(राजीव रंजन दास)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–14/निजी–997/2024– 10105 /सा0प्र0, पटना–15, दिनांक– 8/06/2026

प्रतिलिपिः–महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, पटना/श्री कुमार विनोद, बि0प्र0से0, आप्त सचिव (सरकारी), श्री रामविलास कामत, माननीय सचेतक, सत्तारूढ़ दल, बिहार विधान सभा, पटना/सम्बन्धित कोषागार पदाधिकारी/प्रबंधक, आई0टी0, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट एवं संबंधित पदाधिकारी के सेवा इतिहास पोर्टल पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

08.06.2026

सरकार के उप सचिव।